# कार्यालयः नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर

पत्रांकः 316 /न0आ0/राजस्व/न0नि0गो0/2025–26 दिनांकः 06 दिसम्बर, 2025

## विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या 181/नौ–7–18–6(ज)/2018 दिनांक 29 मार्च, 2018 व शासनादेश संख्या 1489/नौ–7–18–6(ज)/2018 दिनांक 22 सितम्बर, 2018 के अनुसार विभिन्न कार्यों के सम्पादन हेतु नगर निगम, गोरखपुर में सुरक्षा गार्ड/शासनादेश में निर्दिष्ट कार्यों के सम्पादन हेतु अन्तर्गत 10 सुरक्षा गार्डों (पुरूष/महिला) की नियुक्ति की जानी है, जो निम्न प्रकार है। भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी समस्त वॉछित प्रपत्रों के साथ दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 से दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 तक प्रातकाल–10:00 बजे से 05:00 बजे तक नगर निगम, कार्यालय में अपर नगर आयुक्त द्वितीय के समक्ष आवेदन के साथ उपस्थित हों।

| क्र0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या* | योग्यता | वेतन (प्रतिमाह ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरक्षा गार्ड | 10 (पुरूष/महिला) | सोल्जर जी0डी0 या उसके समकक्ष (रिवाल्वर/पिस्टल धारक) सोल्जर जी0डी0 या उसके समकक्ष | रूपया 18,000.00 |

*यह संख्या अनन्तिम है। इसे आवश्यतानुसार घटाने/बढ़ाने का विशेषाधिकार नगर निगम में निहित होगा।

उक्त भर्ती के सम्बन्ध में नगर आयुक्त, नगर निगम का निर्णय मान्य होगा। सेवा शर्ते शासनादेश संख्या 1489/नौ–7–18–6(ज)/2018 दिनांक 22 सितम्बर, 2018 में विहित व्यवस्था के अधीन होगी।

**नियम एवं शर्ते :–**

1. आवेदनकर्ता की आयु नियुक्ति के समय 55 वर्ष से अनधिक होनी चाहिए।
2. आवेदनकर्ता को अपने आवेदन पत्र के साथ 03 फोटो शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र,पी0पी0ओ0, डिस्चार्ज बुक व जिला सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा प्राप्त आई0 कार्ड/आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
3. जिन अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश के किसी भी नगर निगम के प्रवर्तन दल में सन्तोषजनक कार्य किया हो, उनको शासनादेश के अनुसार वरीयता दी जायेगी।
4. संतोषजनक सेवा के उपरान्त मा0 कार्यकारिणी नगर निगम के निर्णय के अनुसार रिवाल्वर/पिस्टल धारक को 25000/– व शेष को 23,000/– प्रतिमाह वेतन देय होगा।
5. उपरोक्त चयनित सुरक्षा गार्ड रात्रि कालीन डयूटी हेतु तैनात किये जा रहे है, जिनके डयूटी के समय का प्रवर्तन नगर आयुक्त/प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन दल के निर्देशों के अधीन होगा।
6. उपरोक्त चयनित सुरक्षा गार्ड (पुरूष/महिला) 6 माह के परिवीक्षाकाल में रहेंगे।
7. इच्छुक अभ्यर्थियों को अपना आवेदन व समस्त अभिलेख वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन दल द्वारा अधिकृत पटल पर निर्धारित तिथि दिनांक 16.12.2025 से 23.12.

2025 कार्यालयी अवधि के मध्य प्रातः 10:00 बजे से 05:00 बजे तक नगर निगम कार्यलय गोरखपुर में अपर नगर आयुक्त द्वितीय के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त कराये जाना अनिवार्य होगा।

8. प्राप्त आवेदन पत्रों की संवीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार की तिथि नियत की जायेगी व साक्षात्कार में पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को रनिंग टेस्ट/शारीरिक परीक्षण कराये जाने के उपरान्त सफल अभ्यर्थियों की अंतिम मेरिट सूची व इसके साथ ही प्रतीक्षा सूची भी प्रकाशित की जायेगी।

नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

पत्रांकः तद्दिनांक/न0आ0/राजस्व/न0नि0गो0/2025–26 दिनांकः 06 दिसम्बर, 2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. मा0 महापौर महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अपर नगर आयुक्त (I,II,III), नगर निगम, गोरखपुर।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोरखपुर को इस अनुरोध के साथ की नियत तिथि पर एक चिकित्सक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा के साथ उपलब्ध कराये।
4. क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी रीजनल स्टेडियम, गोरखपुर।
5. जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गोरखपुर।
6. तहसीलदार नगर निगम, गोरखपुर।
7. प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन दल नगर निगम, गोरखपुर।
8. प्रभारी अधिकारी विज्ञापन, नगर निगम, गोरखपुर।
9. गार्ड फाइल।

नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

o/c